हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

13 ड्रेन टू ड्रेन सड़क निर्माण की मांग हुई तेज



14 पुष्य नक्षत्र पर बाजार में सन्नाटा, व्यापारियों की टूटी उम्मीदें



## खबर संक्षेप

### विभिन्न कोर्स में मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में टैक्सी ड्राइवर, रिटेल सेल्स असिस्टेंट, फील्ड टेक्निशियन एवं कम्प्यूटिंग पेरीफेरल तथा सिक्योरिटी गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा इसके लिए 17 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पोसपोर्ट साईज फोटो के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### अनीश का राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में चयन

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांवा के छात्र अनीश कुमार मरकाम का चयन



राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह स्पर्धा बिलासपुर में 15 से 18 अक्टूबर तक होगी। इस उपलब्धि पर प्राचार्य केश कुमार सेन, खेल शिक्षिका निर्मला सिन्हा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों व शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### जिले की बालिकाओं को मिलेगा ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रशिक्षण

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा महिला क्रिकेट खेलने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं को



उचित मंच प्रदान किया जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजय बाबर, सहसचिव सकुश गुप्ता ने बताया कि पीजी कॉलेज धमतरी के क्रिकेट स्टेडियम में 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 80 बालक रोजाना प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रदर्शन के आधार पर उनका जिला क्रिकेट टीम में चयन किया जाता है। इसके बाद छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा राज्यस्तरीय टीम में चयन किया जाता है। विगत दिवस धमतरी जिला क्रिकेट संघ की आमसभा में जिले की प्रतिभावान महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है। ड्यूज बॉल क्रिकेट में रूचि रखने वाली 12 से 18 वर्षीय बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### जिले में रेत खदानों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू

**धमतरी।** जिला धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के नियम-7 अंतर्गत प्रथम चरण में दो साधारण रेत उत्खनन पट्टा खदानों का आवंटन

- इच्छुक बोलीदाता 6 से 12 नवम्बर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत जिले की दो खदानें मुड़पार (तहसील धमतरी) तथा तेंदूकोना (तहसील धमतरी) ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित की जाएंगी। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि इच्छुक बोलीदाता एमएसटीसी के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। तकनीकी एवं वित्तीय बोली प्रस्तुत करने की तिथि 6 से 12 नवम्बर तक है। इस अवधि में प्रत्येक कार्यदिवस को प्रातः 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक ऑनलाइन बोली जमा की जा सकेगी।

## मवेशियों की आवाजाही पर नियंत्रण नहीं, मिरर भी चोर ले गए

# बाईपास रोड में रोज दुर्घटना का शिकार हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाईपास रोड में सफर खतरे से खाली नहीं है। आसपास खेत खलिहान और हरियाली होने के कारण यहां पर बड़ी संख्या में आवारा मवेशी और पालतू मवेशी विचरण करते रहते हैं जिनकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो चुके हैं। इस मार्ग में मवेशियों के नियंत्रण के लिए कोई उपाय नहीं किया गया।

बाईपास रोड बनने के बाद बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग से आना-जाना करते हैं। इससे उन्हें शहर के ट्रैफिक का सामना करना नहीं पड़ता है। पर विडंबना यह है कि दुर्घटना का खतरा जितना शहर के ट्रैफिक में नहीं है, उससे ज्यादा बाईपास मार्ग में है। बिना ब्रेकर के खुली सड़क मिलने से गाड़ियां यहां तेज रफ्तार से चलती हैं। उपर से जगह-जगह यहां पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। करीब 11किमी लंबी इस सड़क में रोज एक न एक दुर्घटना हो रही है। कभी छोटी तो कभी बड़ी। इस दुर्घटना में लोग घायल भी हो रहे हैं। स्थिति को देखते हुए लोगों ने इस मार्ग पर दुर्घटना नियंत्रण के उपाय करने के साथ मवेशियों के नियंत्रण की मांग की है।

**केस 1**

सप्ताह भर पहले युगल शर्मा बाईपास में स्कूटी से अपना खेत देखने के लिए गए थे। वहां पर भैंसों का झुंड लड़ते हुए आया। लड़ते हुए भैंसों ने स्कूटी को बुरी तरह से डैमेज कर दिया। अब श्री शर्मा स्कूटी को बनवाने के लिए जुटे हुए हैं। राहत की बात है कि इस दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई है।

**केस 2**

करीब पांच दिन पहले रात में तेज रफ्तार वाहन ने मवेशियों को चपेट में ले लिया। इससे चार मवेशियों की मौत हो गई। वाहन चालक और परिचालक बाल-बाल बचे। पुलिस केस के डर से वाहन चालक बिना किसी को कुछ बताए वहां से भाग निकला।

**केस 3**

कुछ दिन पहले शाम को एक व्यक्ति बाईपास रोड से अपने घर जा रहा था। इसी वक्त सामने मवेशी आ गया। गाड़ी स्पीड में थी। मवेशी को बचाने के चक्कर में वह सड़क से नीचे गिर गया। उसे कई जगह पर चोट आई थी। यह घटना मुजगहन तालाब के पास की है।



### अराजक तत्व सक्रिय

शाम ढलते ही इस मार्ग पर अराजक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने इस मार्ग पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी है, जिसके बाद आपराधिक तत्वों की सक्रियता इस मार्ग पर घटी है, लेकिन शाम और रात को अभी यहां पर आपराधिक किस्म के लोग नजर आते हैं। पुलिस की गाड़ी को देखकर वे भाग निकलते हैं। नशापान करने वाले भी इस मार्ग पर दिखाई देते हैं।

**हर बार मिरर उखाड़ ले जाते हैं**

बाईपास मार्ग में तेलीनसत्ती ओव्हरब्रिज, खपरी ओव्हरब्रिज और मुजगहन ओव्हरब्रिज दुर्घटना के नाम पर काफी संवेदनशील है। ब्रिज के नीचे गुजरने पर साइड से आ रही गाड़ियां नजर नहीं आती हैं और लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इन स्थानों पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बड़े बड़े मिरर लगाए थे। हर बार चोर इस मिरर को ही उखाड़ कर ले जाते हैं। चोरी की यह घटना कई बार हो चुकी है।

# किसानों ने अरौद पंचायत (डु) में उपार्जन केंद्र खोलने की मांग की

- धान बेचने के लिए 30 से 40 किमी करते हैं सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गंगरेल डुबान के पंचायत अरौद में धान उपार्जन केन्द्र खोलने तथा वन अधिकार पट्टा दिलवाने का मांग पत्र कलेक्टर को सौंपा गया है।

अरौद के पंजीकृत किसान कार्तिक राम नेताम, कुशल राम, सगनूराम, रमेश कुमार, दयाराम मंडावी, जेठूराम, वासुदेव मंडावी, महेश कुमार, ईश्वर कोर्राम ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि अरौद, पटौद, हरफर, बरबांधा, सिलतरा, कलारबाहरा, पहरिया कोन्हा, पटेलगुड़ा, किशनपुरी, उरपुटी एवं कंदरी का उपार्जन केन्द्र 30 से 40 किमी दूर ग्राम मोंगरागहन को बनाया गया है।

डुबान क्षेत्र के कच्चे रास्ते से उपार्जन केन्द्र तक पहुंचने में किसानों को बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। साथ में गाड़ी भाड़ा भी अत्यधिक देना पड़ता है। किसानों की समस्याओं को देखते हुए अरौद पंचायत में धान उपार्जन केन्द्र खोलने की मांग की है।

### वन अधिकार पट्टा से हैं वंचित

अरौद के ग्रामीण जागेश्वर, सहदेव, झुमुक, गणेश, गजानंद, कन्हैया, मंशा, गोकुल, ईश्वर ने आवेदन में कहा है कि 23 नवम्बर 2022 को ग्राम पंचायत अरौद (डु) में विशेष ग्राम सभा की बैठक सरपंच दिलीप नाग की अध्यक्षता में हुई थी, जिसमें प्रस्ताव पास किया गया कि सन 2025 एवं संशोधित वन अधिनियम 2012 के अनुसार वन अधिकार पट्टा दिलाया जाए। उक्त प्रस्ताव एवं निर्णय के दावों पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने 31 आदिवासी दावेदारों को वन अधिकार पट्टा दिलाने की मांग की है।

### आंगनबाड़ी में कमार सहायिका की मांग



नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत मेचका के आश्रित ग्राम बोईरगांव कमार बस्ती के कमार छन्नूराम, पप्पू, सुरेश, सोमसिंग, अशोक, भानुप्रताप, फागूराम आदि ने कलेक्टर को आवेदन में कहा है कि बोईरगांव कमार बस्ती है। यहां के आंगनबाड़ी केन्द्र में सरिता सिन्हा सहायिका पद के आदेश को निरस्त कर जनमन योजना के तहत कमार जाति की महिला को नियुक्त करने की मांग की है।

# लैब तो है पर टेक्निशियन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- डुबान क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकलाडोंगरी का बुरा हाल

डूब प्रभावित गांव अकलाडोंगरी सहित आसपास के 20 गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। अकलाडोंगरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तो है लेकिन यहां पर पर्याप्त सुविधाएं नही हैं। सबसे बड़ी समस्या लैब को लेकर है। यहां पर लैब तो है, लेकिन टेक्नीशियन नहीं है।



ग्रामीणों ने बताया कि लैब टेक्नीशियन नहीं होने के कारण मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खून जांच, उत्तक, यूरीन सहित अन्य प्रकार की जांच के लिए लैब में पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन टेक्नीशियन नहीं होने के कारण जांच नहीं हो पाती है। मरीजों को ऐसी जांच के लिए चारामा या कांकेर के सरकारी अस्पताल पर निर्भर रहना पड़ता है। वहां तक आने-जाने में मरीजों को काफी परेशानी होती है। खर्च भी ज्यादा आता है। गांव के प्रमुख व्यक्ति राकेश यादव ने बताया कि अकलाडोंगरी स्वास्थ्य केंद्र जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर है। इस स्वास्थ्य केंद्र से डुबान के 20 गांवों को कवर किया जाता है। इसके बाद भी यहां पर सुविधाएं नहीं होना स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था की ओर इशारा कर रहा है। उन्होंने बताया कि दूरी अधिक होने के कारण जिला मुख्यालय से भी जांच व उपचार की सुविधा नहीं मिलती है। उन्होंने विधायक धमतरी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लैब टेक्नीशियन सहित अन्य सुविधाओं को बहाल करने की मांग की है।

# डूब प्रभावित शिक्षित बेरोजगारों ने कलेक्टोरेट का किया घेराव

- तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डुबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ ने बांधों में रोजगार की मांग को लेकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। मंगलवार को संघ के युवाओं ने रैली निकालकर कलेक्टोरेट के सामने धरना दिया और अपनी मांगों का ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपा।



संघ के अध्यक्ष कुंवरसिंग ध्रुव ने बताया कि उनका संघ विगत 7 साल से जिले के बांधों में रिक्त तृतीय, चतुर्थ तथा श्रमिक के पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए संघर्ष कर रहा है। गंगरेल, सोंढूर, माड़मसिल्ली, दुधावा, रूद्री बरॉज में चौकीदार, समयपाल, गेटमेन, क्रेन आपरेटर, पंप आपरेटर, खानसामा, माली, वाहन चालक, इलेक्ट्रेशियन हेल्पर, पंप अटेंडेंट, कुली तथा श्रमिकों के रिक्त पदों पर डुबान प्रभावित परिवारों के शिक्षित युवा बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग सिंचाई विभाग, कलेक्टर तथा मुख्यमंत्री से की गई है। बांधों में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लगातार सेवानिवृत्त होने से अनेक पद खाली हैं जिससे बांध तथा नहरों की देखभाल नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि उनकी मांग पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के सचिव को पत्र लिखा है। महीनों बीत जाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होने पर संघ ने पुनः अपनी मांग को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव किया है। प्रदर्शन में संघ के अनेक बेरोजगार युवा-युवतियां शामिल हुए।

# पात्र किसान धान विक्रय से वंचित न रहे : कलेक्टर

- धान खरीदी केन्द्रों में सभी तैयारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर 15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक धान खरीदी केन्द्र में स्वच्छता, पेयजल, छायादार व्यवस्था, बारदाना, तोलक कांटा, परिवहन व्यवस्था तथा कंट्रोल रूम की स्थापना समय पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र किसान धान विक्रय से वंचित न रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि



बिचौलियों, कोचिया और अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जाए और त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर रीता यादव, सभी एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

श्री मिश्रा ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में धमतरी जिले की कार्यप्रणाली की सराहना की गई। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री जनमन, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की प्रशंसा मुख्यमंत्री द्वारा की गई। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने जिला अधिकारियों एवं टीम को बधाई दी और कहा कि शासन एवं प्रशासन की मंशा के अनुरूप जनहित में इसी प्रकार बेहतर कार्य करते रहें। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय का पालन करें। लोक निर्माण विभाग को उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल-पुलियों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने तथा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों जैसे कोलियारी चौक, भखारा चौक, कुकरेल और सिहावा चौक की सड़कों के सुधार कार्य तत्काल आरंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों एवं ढाबों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

## पुलिस ने जुआ-सट्टा पर कसा शिकंजा

# ऑनलाइन व ऑफलाइन सट्टा जाल का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



तीन थानों की पुलिस ने ऑनलाइन व ऑफलाइन सट्टा के जाल का पर्दाफाश कर आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में जिले के तीन थानों की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रो में जुआ- सट्टा के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने रामसगरी तालाब के पास दबिश देकर कमलेश यादव उर्फ चंदू उम्र 39 वर्ष को सट्टा खिलाते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से नगदी 750 रुपए व सट्टा-पट्टी जप्त की गई। इसी तरह अर्जुनी पुलिस ने ग्राम मुजगहन के शिव मंदिर





के पास स्थित कलामंच में दबिश देकर वीरेंद्र सागरवंशी पिता तिहारन उम्र 40 वर्ष ग्राम मुजगहन थाना अर्जुनी निवासी को मोबाइल के माध्यम से आनलाइन सट्टा-जुआ खिलाते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 1 मोबाइल कीमत 6 हजार व नगदी 5 हजार रुपए जप्त किया है।

वहीं भखारा पुलिस ने ग्राम गातापार के नयातालाब के पास दबिश देकर जुआ खेल रहे सूर्यकांत धृतलहरे पिता झनकराम 45 वर्ष ग्राम गातापार थाना भखारा, दुर्गेश कंवर पिता भगतुराम उम्र 45 वर्ष व दशरथराम निषाद ग्वाल 55 वर्ष दोनों गातापार थाना भखारा निवासी रंगेहाथ पकड़ा है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2645 रुपए नकदी व ताश गड्डी बरामद कर उनके खिलाफ धारा 3/2 जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्जकर कार्रवाई की है, वहीं सटोरियों के खिलाफ धारा 6/क व धारा 7/1 जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## जिला अस्पताल की डिजिटल एक्स-रे मशीन हुई शुरू

# मरीजों को मिलने लगी डिजिटल एक्स-रे की फिल्म, बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल में लगभग 6 माह से खराब डिजिटल एक्स-रे मशीन के शुरू होने से मरीजों को बड़ी राहत मिली है।

जिला अस्पताल में स्थापित एक्स-रे मशीन से पूर्व में मेन्युअल पद्धति से मरीजों का एक्स-रे किया जाता था। मेन्युअल एक्स-रे में क्वालिटी ठीक नहीं होती थी। वहीं रिपोर्टिंग में भी देरी होती थी जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। शासन



द्वारा स्वास्थ्य संसाधनों में विस्तार करते हुए कुछ वर्ष पहले जिला अस्पताल के एक्स-रे विभाग का डिजिटलीकरण किया गया। इसी के साथ अस्पताल को बिग साइज की अफ्फो कंपनी की 40-45 लाख कीमत की डिजिटल मशीन उपलब्ध कराई गई। इससे समय व मेहनत की बचत के साथ मरीजों को एक्स-रे की फिल्म भी स्पष्ट मिलने लगी।

लगभग माह भर पहले मशीन में खराबी आ जाने से डिजिटल एक्स-रे बंद हो गई थी। मरीजों की परेशानी के देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा टेक्निशियन बुलाकर मशीन को सुधरवाने का प्रयास किया गया लेकिन मशीन की रिपेयरिंग नहीं हो पाई। आखिर में मशीन को कंडम घोषित कर दिया। डिजिटल मशीन के खराब हो जाने से एक्स-रे विभाग की टीम फिर पुरानी मेन्युअल पद्धति से मरीजों का एक्स-रे कर रही थी। बीते सितंबर माह में अस्पताल को कम क्षमता की सीआर सिस्टम मिला। मशीन को इंस्टाल तो किया गया लेकिन कुछ तकनीकी समस्या के कारण इसे तत्काल शुरू नहीं किया जा सक इससमस्या को दूर कर सीआर सिस्टम को सोमवार से शुरू कर दिया गया। सिस्टम के शुरू होने से अब मरीजों का डिजिटल एक्स-रे किया जा रहा है। इससे मरीजों को भटकना नहीं पड़ रहा है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### गीतेश व लव्यराव का कबड्डी में चयन

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी के कक्षा नवमी के छात्र गीतेश घृतलहरे व लव्यराव का चयन अंडर 14 राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 15 से 18 अक्टूबर तक बिलासपुर में होगी। उनकी इस उपलब्धि पर प्रभारी प्राचार्य बी पदमा राजेश, खेल शिक्षिका रानी साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष दुलार सिन्हा, एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके जैन, एसके ध्रुव, सीपी साहू, एनआर साहू, आर पोर्ते, वायके सेन, एनके साहू, एचके साहू, यशोदा साहू, आकाश साहू, चित्ररेखा यादव, भोजराम साहू ने खुशी जाहिर की है।

### विद्यार्थियों ने किया आईटीआई का भ्रमण

**भानुप्रतापपुर।** शाउमावि भानबेड़ा के व्यावसायिक पाठ्यक्रम ऑटोमोबाइल विषय के विद्यार्थियों को शासकीय आईटीआई अंतागढ़ का भ्रमण कराया गया । इस दौरान विद्यार्थियों ने ऑटोमोबाइल का प्रशिक्षण लिया। विषय विशेषज्ञों ने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के कार्य सिद्धांत तथा पेट्रोल इंजन एवं डीजल इंजन के कार्य सिद्धांत को व्यवहारिक ढंग से समझाया। इस अवसर पर आईटीआई अंतागढ़ के प्रिंसिपल अनिल टेभेकर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### डबरी में डूबने से युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 39 वर्षीय कल्याण सिंह तालाब में डूब गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। गोरगांव निवासी सियाराम भास्कर ने पुलिस को बताया कि मृतक 13 अक्टूबर को डबरी तालाब में डूब गया। डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए 30 तक मौका

**कांकेर।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर 30 अक्टूबर को शाम 05 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा शुल्क 31 अक्टूबर को रात्रि 11.50 बजे तक ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है। परीक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए सैनिक स्कूल की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय एजेंसी द्वारा आयोजित की जाती है।

### घायल की इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 58 वर्षीय समारूराम पटेल का इलाज के दौरान 23 मार्च को रायपुर के अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**आम - सूचना**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है गंगाबाई पिता अंजोरी एवं पति चुनूराम विश्वकर्मा जाति लोहार कास्तकार ग्राम कुर्रा निवासी ग्राम कुम्हारी, रायपुर छ.ग. का निवासी है जिनके नाम पर ग्राम कुर्रा प.ह.नं. 07 तह. भखारा स्थित कृषि भूमि ख.नं. 169 रकबा 0.85 हे. जिसे रामचंद साहू पिता स्व. मन्नूराम साहू जाति तेली निवासी डुमरतराई तह. व जिला रायपुर छ.ग. निवासी के पक्ष में विक्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना बतौर अग्रिम राशि प्राप्त कर लिया है जिसका विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है ।

अतः जिस व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात क्रेता के पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण कर ली जावेगी बाद/पश्चात आपत्ति दावा शुन्य माना जावेगा ।

सो सूचना जाने ।

दिनांक 14.10.2025

प्रेषक
अश्वनी चंद्राकर अधिवक्ता
तह. कार्यालय भखारा
जिला धमतरी छ.ग.
मो.नं. 7509466203, 8319173227

## नाबालिग ने पल्सर वाहन से युवक को मारी टक्कर, मौत

# ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

बीते रविवार की रात्रि करीबन 7 बजे उदयराम ध्रुव बेलरदोना रोड से मगरलोड अपने घर पैदल आ रहा था। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की तेज रफ्तार पल्सर ने सवार नाबालिग मुस्लिम युवक ने उदयराम ध्रुव को जोरदार टक्कर मार दी। इससे उदयराम के हाथ-पैर, सिर में गंभीर चोट आई। पुत्र मनीष ध्रुव ने अपने घायल पिता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड लाया। गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टर ने जिला अस्पताल धमतरी रिफर कर दिया। वहां से रायपुर मेकाहारा रिफर किया गया। रायपुर मेकाहारा में आदिवासी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। आदिवासी



युवक की मौत से लोगों में गुस्सा है। मगरलोड के ग्रामीणों व हिंदू परिषद ने मृत शरीर को एंबुलेंस सहित रोड पर रखकर मथुरा नगर में चक्काजाम किया और तुरंत मुस्लिम युवक की गिरफ्तारी की मांग की।

थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया कि दुर्घटना की जांच की जा रही है और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अस्पताल से मर्ग डायरी आने के बाद धारा जोड़ी जाएगी तथा वाहन मालिक के खिलाफ भी अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा। इस घटना से परिवार एवं आदिवासी समाज के साथ आम नागरिकों में आक्रोश है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत मगरलोड सहित क्षेत्र के कई गांव में अवैध शराब गांजा बिकने से लगातार घटना हो रही है। पुलिस इस अवैध कारोबार को बंद करने में असफल साबित हो रही जिससे नशा का कारोबार दिनों दिन बढ़ रहा है। थाना के पीछे में ही अवैध कारोबार पनप रहा है। पुलिस मूकदर्शक बने बैठी है। कार्रवाई के अभाव में अवैध कारोबार करने वालों का हौसला बुलंद है।

# पेड़ पर लटकती मिली युवती की लाश

■ ग्राम खुदुरपानी की घटना, बीमारी से थी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम खुदूरपानी से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक 26 वर्षीय युवती का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतका की पहचान लोकेश्वरी मंडावी पिता स्व. पुनीत मंडावी निवासी खुदूरपानी के रूप में हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार युवती 13 अक्टूबर की दोपहर घर से यह कहकर निकली थी कि वह खेत में घास काटने जा रही है। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान खेत के समीप नाले के पास एक पेड़ पर उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।



सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतिका कुछ समय से बीमारी से परेशान थी, जिससे वह मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहती थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में तालिका अव्वल

■ कन्या महाविद्यालय में पैरदान मेकिंग प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दामिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय को लेकर पुराने कपड़ों से पैरदान बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा



लिया और छात्राओं द्वारा बेकार पड़े कपड़ों से आकर्षक पैरदान बनाया गया। डॉ. राजपुरिया ने छात्राओं की सृजनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि अपशिष्ट से उपयोगी वस्तुएं बनाना न केवल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी बल्कि यह आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है। इस कार्यक्रम में 16 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम तालिका, द्वितीय रोशनी और तृतीय ईशा निर्मलकर रही। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया।

# व्यंग्य का अनुशीलन पर दीपक को मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा कला संकाय अन्तर्गत हिन्दी में ज्ञान चतुर्वेदी के साहित्य में निहित व्यंग्य का अनुशीलन विषय पर शोधछात्र दीपक पिता रामशरण राठौर जांजगीर चांपा को पीएचडी की उपाधि मिली। उन्होंने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. गौकरणप्रसाद जायसवाल सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।



इस उपलब्धि पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, संत गुरु घासीदास शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, पूर्व प्राचार्य डॉ. सीएस चौबे, डॉ. श्रीदेवी चौबे, डॉ. मनदीप खालसा प्राचार्य शासकीस महाविद्यालय नगरी, डॉ. अनिता राजपुरिया प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी, डॉ. प्रभा वेरूलकर प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय मगरलोड, डॉ. विनोद पाठक प्रभारी प्राचार्य बीसीएस धमतरी, डॉ. आरके पांडे, डॉ. प्रभात रंजन सहायक प्राध्यापक हिन्दी, प्रो. मधुलता बारा, डॉ. गिरजाशंकर गौतम, डॉ विभाषा, तरुण बैनर्जी सहायक, अंकित बोधवानी, डीगेश्वर अटल, डॉ. उपमा, युगेश्वर साहू, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू डॉ. चुन्नीलाल, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. नम्रता, डॉ. चोवाराम यदु, डॉ. वर्षारानी सिन्हा, डॉ. बसंती सेनापति, डॉ. अंजलि खलको, तारकेश्वर, रंजीता, शिरोमणि, मनोज सहित शोध केंद्र के शोधार्थियों ने हर्ष जताया है।

## अंवरी स्कूल में 27 छात्राओं दी गई साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

शाउमाशा अंवरी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के तहत सामाजिक अंकेक्षण, सहपालक शिक्षक बैठक आयोजन किया गया। तिमाही रिजल्ट एवं शाला की गतिविधियों की जानकारी दी गई। बच्चों से प्रश्न पूछे गए। आईआर साहू ने खेलकूद, पढ़ाई लिखाई एवं प्रायोगिक कार्यशाला की जानकारी दी। समन्वयक चन्द्रेश कुर्रे, नोडल अधिकार गजेंद्र साहू एवं नायब तहसीलदार ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत 20 बिन्दुओं पर जानकारी एकत्रित की गई। इस दौरान पालक समिति के अध्यक्ष, सदस्यों द्वारा 27 छात्रों को साइकिल वितरित की गई।

मौके पर जिपं सभापति कुलेश्वरी गायकवाड़, सुनील गायकवाड़, शाला विकास समिति अध्यक्ष फलेन्द्र ध्रुव, बालाराम ध्रुव, खिलेश साहू, बिसाहुराम साहू, भुनेश्वर साहू, प्रेमलाल, वत्सलय चन्द्राकर, स्वाति टण्डन, प्रमीला सिन्हा, केएल यादव, पीएन साहू, एलबी साहू, आरआर ध्रुव, डीके साहू, जेएल घृतलहरे समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कातलबोड़ स्कूल में एचआईवी एड्स पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

■ कुरुद कॉलेज के एनएसएस एवं रेड रिबन इकाई का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रेड रिबन क्लब इकाई 1 द्वारा रजत जयंती के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में शाउमावि कातलबोड़ में एचआईवी एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं को एचआईवी एड्स के कारण और बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना था, साथ ही एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति समाज में फैली



भ्रांतियों को दूर करना था। रासेये स्वयंसेवक मोजेश साहू ने कहा कि हमें एड्स पीड़ित व्यक्तियों के साथ समानता और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रेड रिबन क्लब की स्थापना, उसके उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में बताया, साथ ही एड्स फैलने के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में भी बताया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने एड्स जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें जागेंद्र सिंह, भूमिका डहरे और रुचि साहू की भूमिका रही। इस स्कूल आउटरीच कार्यक्रम में रासेयो और रेड रिबन क्लब इकाई 1 के स्वयंसेवक विषभ सोनकर, हेमराज डहरे, नितिन, शरद, यामिनी कंवर, चंचल गायकवाड़, टिकेश्वरी, समीक्षा वर्मा और क्षमानिधि सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# पचपेड़ी स्कूल के रासेयो छात्रों ने निकाली पोषण जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

8वां राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर पचपेड़ी स्कूल के रासेयो छात्रों ने प्राचार्य रवींद्र कोसरे के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा के मार्गदर्शन में पोषण जागरूकता रैली निकाली। स्वयंसेवकों ने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से दी जाने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी प्राप्त की।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोतिमा साहू एवं निर्मला साहू ने शासन द्वारा प्रदत्त रेडी टू ईट के बारे में जानकारी दी। उपस्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कार्यकर्ता टुमेश्वरी साहू एवं डुमेश यादव से पोषण आहार के बारे में जानकारी ली। टुमेश्वरी ने बताया कि हमें नियमित रूप से संतुलित भोजन करना चाहिए। हरी सब्जियां, दाल एवं मौसमी फलों को आहार में शामिल करना चाहिए। इस आयोजन में 105 स्वयंसेवक व संस्था के शिक्षक हेमेंद्र मेश्राम का विशेष सहयोग रहा।

## जनपद सदस्य लिली बनाई गई युकां की राष्ट्रीय सचिव

# कुरुद की महिला नेत्री अब करेगी दिल्ली की राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के युवा विंग यूथ कांग्रेस में नई नियुक्तियां की है। पार्टी ने अपने युवा विंग को मजबूती देने और संगठनात्मक क्षमता को बढ़ाने के लिए पांच नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

एआईसीसी ने पांच नेताओं को युकां का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। इस सम्बन्ध में पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी कर दिया है। इन नियुक्तियों में धमतरी जिले के कुरुद की जनपद सदस्य और कांग्रेस की



युवा महिला नेता लिली श्रीवास का भी नाम शामिल है, जिसपर राहुल गांधी ने अपना भरोसा जताया है। लिली को इस महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर उनके शुभचिंतकों ने हर्ष जाहिर करते हुए कहा है कि युवा कांग्रेस, जनपद सदस्य के रूप में ज़मीन से जुड़कर अपनी मेहनत का परचम लहराते हुए आज राष्ट्रीय सचिव के रूप में जगह बनाई है। कांग्रेस पार्टी हमेशा युवा और ज़मीन से जुड़े लोगों को आगे लाती है।

राष्ट्रीय सचिव बनने के बाद लिली श्रीवास नेकहा कि यह सिर्फ एक पद नहीं, यह कुरूद के हर युवा और महिला के सपनों का राष्ट्रीय सम्मान है। राहुल गांधी जी के साथ खेत-खलिहानों से लेकर बर्फीली राहों तक चलना मेरे जीवन का प्रेरक अनुभव रहा। अगर इरादा सच्चा हो, तो कोई भी सुरक्षा घेरा सेवा की राह नहीं रोक सकता।

### सिलीडीह में 25 छात्राओं को मिली साइकिल

**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल सिलीडीह में शनिवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। कक्षा नवमी की 25 नवप्रवेशित बालिकाओं को शासन की साइकिल योजना अंतर्गत साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम में रामविशाल साहू उपसरपंच, शोभाराम यादव विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य, पेखनलाल देवांगन विधायक प्रतिनिधि, श्रीमती अमृता देवांगन पूर्व सरपंच, प्राचार्य एके ध्रुव, व्याख्याता राधेश्याम दीवान, भुवनेश्वरसिंह ध्रुव, नीलमणि यादव, श्रीमती प्रेमलता साहू समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि साइकिल शिक्षा का पहिया है, जो बेटियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के चेहरों पर उत्साह और खुशी झलक रही थी।

# क्विज स्पर्धा में बीकॉम फाइनल के छात्रों ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में मतदाता जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन जैसे विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को मतदान के बारे में जानकारी देना था। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम तामेश्वरी, काजल, पायल, कोयल और नारा लेखन में हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता हुई जिसमें कला,



विज्ञान संकाय, कंप्यूटर साइंस के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। हिंदी, विज्ञान, छत्तीसगढ़, हिंदी से संबंधित वैकल्पिक प्रश्नों के माध्यम से छात्र-छात्राओं के बीच ग्रुप बनाकर प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बीकॉम फाइनल के छात्रों ने बाजी मारी। संस्था प्रमुख सीआर यदु ने इस आयोजन कर सराहना की। मौके पर सहायक प्राध्यापक वालेंदुसिंह राजपूत, अनिल जांगड़े, आरआर डिगरे, ऋतुराज साहू, लोकनाथ बैस, पृथ्वीराज साहू, तेजराम साहू, लीना बैस, तारिणी साहू एवं एनएसएस प्रभारी पुष्पा दर्रो समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव से गांवों में खेल संस्कृति को नई दिशा मिल रही : अरुण सार्वा

# ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य : भोजराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय उमावि बेलरगांव में सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत ग्रामीण स्तर की जोन स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि भोजराज नाग सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में अपार खेल प्रतिभा है, जिन्हें सही मंच और अवसर मिले तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य



इन्हीं प्रतिभाओं को पहचान दिलाना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का है।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि गांवों में खेल संस्कृति को विकसित करने और युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार करने में सांसद खेल महोत्सव एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ग्रामीण नवयुवकों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व जनपद सदस्य शेखर अडिल, जनपद सीईओ रोहित बोरझा, प्राचार्य प्रेमचंद झा, विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, दौड़, वॉलीबॉल, लंबी कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्रामों से आए खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को अवसर प्रदान करना, उनकी खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।




## अंचल की खबरें

### नवकार महिला मंडल ने एक हजार कपड़े बांटे



**धमतरी।** नवकार महिला मंडल द्वारा 1000 कपड़ों का वितरण पंचवटी कॉलोनी में किया गया। वे लोग जो दो वक्त की रोजी-रोटी के लिए इधर-उधर भटकते हैं और बड़ी मुश्किल से अपना गुजारा कर पाते हैं। वे इन कपड़ों को पाकर बहुत ही उत्साहित थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष संतोष मिनी, सचिव कुसुम गोलछा, मदनमोहन दास, साहू मैडम और मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### प्रेस क्लब ने दी वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र एवं आनंदप्रकाश को श्रद्धांजलि



**धमतरी।** प्रेस क्लब ने प्रेस क्लब भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जहां वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र जैन एवं आनंद प्रकाश दीक्षित को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल ठाकुर, महासचिव विक्रांत शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश पांडे व उमेश बशिष्ट सहित अन्य पत्रकारों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके साथ बिताए यादगार पलों को साझा किया। उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर प्रेस जगत के लिए इसे बड़ी क्षति बताया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती, सचिव राज सोनवानी, सहसचिव सत्येंद्र शर्मा, पवन साहू, मुस्तफा दाऊदी, लोकेश करैत, कृष्णा राव, अवधेश पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

### राजमानस संघ का वार्षिक सम्मेलन 9 नवंबर को



**धमतरी।** श्री राजमानस संघ धमतरी की कार्यकारिणी बैठक गोकुलपुर सत्संग भवन में हुई। अध्यक्ष अर्जुन पुरी गोस्वामी, सचिव डॉ जेएल देवांगन एवं प्रवक्ता डॉ भूषणलाल चंद्राकार ने बताया कि श्री राजमानस संघ धमतरी छत्तीसगढ़ का वार्षिक सम्मेलन एवं पदाधिकारी मनोनयन की तिथि 9 नवंबर को चिन्हारी रिसार्ट रुद्री धमतरी में होगी। मुख्य अतिथि दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती सपाद लक्ष्मेश्वर धाम सलधा जिला बेमेतरा होंगे। उनके द्वारा पौधरोपण भी किया जायेगा। कार्यक्रम में श्री रघुपति संदेश पत्रिका एवं एलबम का विमोचन होगा। बैठक में पुरानिक साहू, डोमार सिंह दादरा, खिलेश्वरी किरण, शिवदयाल साहू, चंपालाल साहू, राजाराम साहू, प्यारेलाल साहू, गीता देवी साहू समेत संघ से जुड़े सदस्य मौजूद थे।

### जिले के दो शिक्षकों को मिला छग राज्य गौरव सम्मान





**धमतरी।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मान किया गया। इस दौरान शिक्षक खूबलाल साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागतराई, व्याख्याता श्रीमती दशोदा साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडरा को शैक्षणिक गतिविधियों के लिए प्रशस्ति पत्र, मेडल, श्रीफल, शाल भेंटकर छत्तीसगढ़ राज्य गौरव सम्मान से सम्म्मनित किया गया। इस पर रेडक्रास पूर्व राज्य सचिव प्रदीप कुमार साहू, जिला संगठक आकाशगिरी गोस्वामी, चेयरपर्सन प्राप्ति वाशानी, वाइस चेयरपर्सन शिवा प्रधान, सहायक नेत्र अधिकारी डॉ गुरुशरण साहू, खोमन साहू, अवध साहू, मनोज साहू, प्राचार्य केआर बघेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पुनाराम साहू, छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष भूषण चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

## शहर के जागरूक नागरिकों ने प्रशासन के समक्ष रखे कई सुझाव

# ड्रेन टू ड्रेन सड़क निर्माण की मांग हुई तेज

- मजबूत सड़क से शहर के विकास को भी गति मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर में सड़क निर्माण को लेकर नागरिकों की आवाज अब बुलंद होती जा रही है। शहर के प्रमुख मार्ग जैसे सिहावा रोड, मुजगहन रोड और रुद्री रोड की जर्जर हालत से परेशान नागरिकों ने इन सड़कों के मजबूतीकरण और गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए प्रशासन और शासन से ठोस पहल की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं, जलजमाव और धूलभरे रास्तों ने आम जीवन को प्रभावित कर दिया है। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि इन सड़कों का निर्माण न केवल जल्द हो, बल्कि इस बार ऐसा निर्माण हो जो वर्षों तक टिकाऊ हो और बार-बार की मरम्मत की जरूरत न पड़े।

नागरिकों की इस आवाज के बीच एक राहत की खबर भी आई है। राज्य शासन ने सिहावा रोड से नगरी तक, रत्नाबांधा से पोटियाडीह तक, रुद्री से गंगरेल तक और नहर नाका से बिलाई माता तक सड़क निर्माण के लिए आवश्यक राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। हालांकि निर्माण कार्य की वास्तविक शुरुआत की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन विभागीय स्तर पर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। नागरिकों ने इस बीच कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रशासन के समक्ष रखे हैं, जिनमें प्रमुख सुझाव यह है कि सड़कों को कम से कम दो फीट ऊंचा बनाया जाए, जिससे बारिश के दिनों में जलजमाव से बचा जा सके। साथ ही ड्रेन से ड्रेन तक लगातार पक्की सड़क का निर्माण हो ताकि पानी की निकासी प्रभावित न हो और सड़क जल्द खराब न हो।

धमतरी के नागरिकों का कहना है कि मजबूत सड़कें न केवल आने-जाने में सहूलियत देंगी, बल्कि शहर के विकास की गति को भी बढ़ावा देंगी। सड़कों की स्थिति का सीधा प्रभाव व्यापार, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं पर पड़ता है। जवाहर पटेल, सीताराम सिन्हा, जिग्नेश यादव, शिवेंद्र पंडित समेत कई जागरूक नागरिकों ने इस मुद्दे को लेकर प्रशासन से अनुरोध किया है कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग किया जाए और आधुनिक तकनीकों का उपयोग हो ताकि निर्माण कार्य टिकाऊ रहे। साथ ही, विभाग को निर्माण के दौरान निगरानी सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि ठेकेदार मनमानी न कर सकें और तय मानकों का पालन किया जा सके।

लोक निर्माण विभाग ने जानकारी दी है कि स्वीकृत सड़कों को लेकर निर्माण संबंधी प्रक्रियाएं जैसे टेंडर, एस्टीमेट और तकनीकी स्वीकृतियां चल रही हैं। नागरिकों को उम्मीद है कि जल्द ही निर्माण की तारीख घोषित होगी और काम भी धरातल पर दिखेगा। इस बीच शहर के कई व्यापारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और युवा समूह ने भी सड़क निर्माण की मांग को समर्थन देते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। उनका मानना है कि अच्छी सड़कों से न केवल धमतरी शहर की छवि सुधरेगी, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि धमतरी शहर लगातार विकसित हो रहा है, लेकिन बुनियादी ढांचे खासकर सड़कों की हालत इस विकास के अनुरूप नहीं है। कई लोगों ने यह भी सुझाव दिया कि निर्माण कार्य की जानकारी नियमित रूप से सार्वजनिक की जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे और जनसहभागिता भी बढ़े।

फिलहाल शहरवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि विभाग कब निर्माण कार्य की शुरुआत करता है और नागरिकों द्वारा दिए गए सुझावों को कितना अमल में लाया जाता है। यह भी देखने वाली बात होगी कि क्या निर्माण कार्य में वह गुणवत्ता दिखाई देगी, जिसकी मांग लंबे समय से हो रही है।

## सामाजिक अंकेक्षण में परखी छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के शिक्षा गुणवत्ता के स्तर की नोडल अधिकारियों द्वारा जांच की गई। नोडल अधिकारी हीरादास भारद्वाज जिला खनिज अधिकारी धमतरी, जितेंद्र चंद्राकर जिला खनिज निरीक्षक धमतरी एवं अमृतलाल घोघरे व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गातापार थे।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने 20 बिंदुओं के आधार पर शाला के शिक्षा गुणवत्ता स्तर का मूल्यांकन छात्रों, पालकों एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों के अभिमत के आधार पर किया। मूल्यांकन के दौरान नोडल अधिकारियों ने शाला के विगत 3 वर्षों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और छात्रों के प्रदर्शन, शिक्षण के लिए अनुकूल एवं हरे-भरे वातावरण को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर सतीश जैन उपाध्यक्ष जपं कुरूद, संतोष यादव अध्यक्ष कृषि सहकारी समिति रामपुर, गुलजार राम साहू सांसद प्रतिनिधि, खिलेन्द्र गजेंद्र, हिरेन्द्र साहू पालक सदस्य एवं संस्था के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## बंजारी में चला स्वच्छता अभियान



**अंवरी।** ग्राम बंजारी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सरपंच त्रिवेणीबाई पाल ने नालियों की दीपावली के पहले सफाई करवाई। इससे गांव के मजदूरों को काम मिला।

## औद्योगिक वार्ड के पार्षद निगम के सामने धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



औद्योगिक वार्ड के पार्षद रामेश्वर उर्फ छोटू वर्मा मंगलवार को निगम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। उनकी बातों की कर्मचारी द्वारा अवहेलना करने पर वे आहत नजर आए। एमआईसी सदस्य और पार्षदों ने उन्हें मनाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। पार्षद श्री वर्मा किसी कर्मचारी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में सहाड़ादेव के पास मलबा हटाने जेसीबी के लिए कई दिनों से कर्मचारी को बोल रहे हैं लेकिन उनकी बातों को तवज्जो नहीं देते हुए जेसीबी नहीं भिजवाई। वे अपने वार्ड के चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं। वार्ड का कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है। दिवाली में पूजा के लिए सहाड़ादेव के पास उन्होंने मुरूम की व्यवस्था की है जिससे फैलाने के लिए निगम से जेसीबी की मांग की थी। लेकिन वार्ड के काम के लिए जेसीबी नहीं मिल रही है। धरने पर उनके बैठने की जानकारी मिलने पर एमआईसी सदस्य अखिलेश सोनकर, पार्षद कुलेश सोनी उन्हें मनाने पहुंचे लेकिन वे नहीं माने। उनका कहना था कि कर्मचारी आए और माफी मांगे।

## स्वदेशी अपनाने से ही सशक्त होगा भारत : नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





नगरी देऊरपारा सिहावा स्थित पवित्र कर्णेश्वर मंदिर परिसर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 2025 विषय पर भाजपा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर अपने विचार रखते हुए कहा कि जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने कौशल और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा, तभी सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होगा।

दूसरे मुख्य वक्ता केदार गुप्ता अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक ने पंच परिवर्तन विषय पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि कुटुंब प्रबोध, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वबोध और नागरिक कर्तव्य ये पांच स्तंभ भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त आधार प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि स्वदेशी ही सशक्त भारत की रीढ़ है। जब हम अपने ही देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करेंगे, तभी हमारे किसान, कारीगर और उद्योगपति सब एक साथ सशक्त बनेंगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान का आंदोलन है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला महामंत्री महेन्द्र पांडे, जिला मंत्री श्रीमती चंद्रकला साहू ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का उद्देश्य स्थानीय संसाधनों, कौशल विकास और स्वदेशी उत्पादों के माध्यम से राष्ट्र को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम में सम्मेलन प्रभारी अकबर कश्यप, विजय यदु, मोहन नाहटा एवं विकल गुप्ता की विशेष भूमिका रही। मौके पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, टीकाराम कंवर, अजय ध्रुव, गरिमा नेताम, महेश गोटा, हृदय साहू, दिनेश्वरी नेताम, कमल डागा, रवि दुबे, मोहन पुजारी, दिव्येंद्र परिहार, मोनू साहू, दीपक साहू, नरसिंह मरकाम, विनय देवांगन, चेलेश्वरी साहू, प्रतिमा देवांगन, रामेश्वरी साहू, ऋतु साहू, ईश्वरी नेताम सहित भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ सभा का समापन हुआ।

## विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है



**विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:**

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।विशेष शिक्षक के रूप में करियर:विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे कि: सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ). विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।




पियाली फाउण्डेशन कॅालेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025-26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेशा पा सकते है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकरशुक्ल विश्वविघालय से संबंद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है । इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कुलो प्राइवेट स्कुलो अस्पतालों समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कुलों में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियो की संभावनाए है।

मीता मुखर्जी - अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी - डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन , जागरूक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025
84353 86927, 98271 28346
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar, Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur

## सेमरा स्कूल के चार विद्यार्थी बेसबाल स्पर्धा के लिए बिलासपुर रवाना





**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी के चार विद्यार्थी यशकुमार, गोविंद सिंह, कुमारी नेहा एवं कुमारी दिव्या का राज्यस्तरीय बेस बाल प्रतियोगिता हेतु बिलासपुर रवाना हुए। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, ग्राम प्रमुख एवं प्राचार्य तथा शिक्षक स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद के साथ रवाना किया। विदित हो कि विद्यालय से प्रतिवर्ष विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थी राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करते आए हैं। इस वर्ष दो विद्यार्थी ने दुर्ग में आयोजित राज्यस्तरीय जूडो प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया। कुमारी वंशिका गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब रही। कुमारी रेशमा ने राज्य स्तर में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चेतन जैन, प्राचार्य श्रवण साहू, व्यायाम शिक्षक टाकेंद्र साहू, एनएस साहू, नरसिंह मारकंडे, वीके साहू, आरके निषाद, एलएन ढीढी ने प्रसन्नता जाहिर की है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

दीपावली अब केवल कुछ दिन ही शेष, बाजारों से रौनक गायब

# पुष्य नक्षत्र पर बाजार में सन्नाटा, व्यापारियों की टूटी उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर का बाजार इस बार पुष्य नक्षत्र पर पूरी तरह ठंडा नजर आया। जिस दिन को व्यापारी शुभ और धनवर्षा का प्रतीक मानते हैं, उस दिन बाजार में ग्राहक तो दूर, पूछपरख तक कम रही।

दीपावली अब केवल कुछ दिन ही शेष हैं, लेकिन बाजारों में अब तक खरीदी का उत्साह नजर नहीं आया है। इससे छोटे-बड़े व्यापारी मायूस हैं और भविष्य को लेकर चिंतित भी।

शहर के व्यस्ततम बाजारों गोलबाजार, घड़ी चौक, मंडी रोड, सदर बाजार ,रामबाग क्षेत्र में दिनभर सन्नाटा छाया रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वेलरी, रेडीमेड, कपड़ा, किराना, सजावटी सामान, वाहन बाजार आदि में कहीं भी वो हलचल नहीं दिखी जो आमतौर पर पुष्य नक्षत्र पर देखने मिलती है।

### ग्रामीणों में नकदी संकट का असर

पुष्य नक्षत्र पर खरीदी में कमी का मुख्य कारण ग्रामीण अंचल में नकदी का संकट है। जिले के अधिकतर गांवों में अब तक धान की कटाई शुरू नहीं हो सकी है। बीते एक महीने से बारिश होने के कारण करीब 20 से 30 प्रतिशत तक की फसल खराब हो चुकी है। वहीं खेतों में खड़ी फसल को काटने के लिए मजदूरों की कमी और संसाधनों का अभाव है। इस वजह से ग्रामीणों के पास तत्काल खर्च के लिए पैसा नहीं है और यही वजह है कि वे बाजारों में सामान खरीदने नहीं आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि ग्रामीण ही बाजार की असली ताकत हैं और जब वहीं नहीं पहुंच रहे तो व्यापार कैसे चलेगा।

### बाजार की हालत खराब



धमतरी के व्यापारी भी इस स्थिति से परेशान हैं। कपड़ा व्यापारी दीपक सोनवानी ने बताया कि पुष्य नक्षत्र पर अच्छी बिक्री की उम्मीद थी, लेकिन सुबह से शाम हो गई, ग्राहक ढूंढने पर भी नजर नहीं आए।

ज्वेलरी व्यवसायी रमेश जैन का कहना है कि पिछले साल इस दिन जितनी बिक्री हुई थी, इस बार उसकी 25 प्रतिशत भी नहीं हो सकी। इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार सोनू वर्मा ने बताया कि हमने त्योहार के लिए स्टॉक बढ़ाया, लेकिन अब डर लग रहा है कि माल फंसेगा।

### कृषि संकट से व्यापार चरमराया

धमतरी जिला मुख्यतः धान उत्पादन के लिए जाना जाता है। जिले के गांवों में अभी तक कटाई नहीं शुरू हुई, जिससे ग्रामीणों की आमदनी रुकी हुई है। इसके अलावा, निरंतर सूखा और मौसम की अनिश्चितता के कारण खेतों में फसलें खराब हो गई हैं। यही आर्थिक मार शहर के बाजार तक पहुंच चुकी है। धमतरी के बाजार में अब व्यापारी बहुत अधिक उम्मीद नहीं लगाए बैठे हैं। कुछ दुकानदारों ने साफ कहा कि दीपावली पर भी बिक्री नहीं हुई तो सालभर की कमाई पर सीधा असर पड़ेगा। फिलहाल पुष्य नक्षत्र का यह दिन धमतरी के व्यापारियों और फुटपाथ व्यवसायियों के लिए मायूसी भरा रहा।

### फुटपाथ व्यवसायी भी परेशान



फुटपाथ पर परंपरागत सामग्री बेचने वाले छोटे दुकानदारों की हालत और भी खराब है। मिट्टी के दीपक, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, धूपदानी, मिट्टी की ग्वालिन और अन्य सजावटी सामान बनाने वालों ने महीनों पहले से तैयारियां की थीं। लेकिन इस बार उनका माल बिक ही नहीं रहा। गीता निषाद हर साल मिट्टी के दीपक बनाकर बेचती हैं। वह कहती हैं कि इस बार न ग्राहक हैं, न पैसा। जितना माल तैयार किया था, उसमें से एक चौथाई भी नहीं बिका। सुरेश कुंभकार रामबाग फुटपाथ पर मूर्तियां बेचते हैं। बताते हैं कि ग्राहक आते हैं, देखते हैं और चले जाते हैं। खरीदी कोई नहीं कर रहा।

### दीपावली से पहले की आखिरी उम्मीद बाकी

व्यापारियों की अब आखिरी उम्मीद दीपावली से 1 या 2 दिन पहले होने वाली संभावित खरीदी पर टिकी है। अगर ग्रामीण अंचल में कहीं-कहीं कटाई शुरू होती है या नगद का प्रवाह बढ़ता है, तो बाजार में हलचल संभव है। लेकिन अभी जो स्थिति है, उसमें त्योहार से पहले बाजार का सजना मुश्किल नजर आ रहा है।

# नर्सिंग विद्यार्थियों ने मनाया दीपावली पर्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग लिमतरा के नर्सिंग विद्यार्थियों ने दीपावली अवकाश में जाने के पूर्व उत्साह से महाविद्यालय में दीपावली पर्व मनाया। प्राचार्य संजय कुमार लाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर दीपावली पर्व के सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्त्व के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में आकर्षक रंगोली बनाकर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# घटती हुई प्रजनन क्षमता पर जताई चिंता



- सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में चिकित्सकों ने नवीनतम चिकित्सा तकनीकों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के एक सभागार में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) धमतरी के तत्वावधान में सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर के सुयश हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए और नवीनतम चिकित्सा जानकारियों को साझा किया।

वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा कढ़ी ने घटती हुई प्रजनन क्षमता पर चिंता जताते हुए कहा कि आज हर पांच में से एक नव विवाहित जोड़े को संतान प्राप्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। दवाइयों से समाधान न मिलने पर आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) तकनीक एक महत्वपूर्ण विकल्प है। आईयूआई, आईवीएफ और आईसीएसआई जैसी उन्नत तकनीकों से सफलता दर में वृद्धि हुई है और किफायती इलाज ने इसे आम जनता तक पहुंचाया है।

वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. केएस भाटिया ने हृदय रोगों की शीघ्र पहचान और उपचार पर जोर दिया। उन्होंने नवीनतम चिकित्सा अनुसंधानों की जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान योजना अंतर्गत अब मरीज निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. तृप्ति तालपात्रा ने कहा कि पहले हृदय सर्जरी जैसे हार्ट वाल्व रिप्लेसमेंट या बाईपास सर्जरी केवल महानगरों में अत्यधिक खर्च पर उपलब्ध थी, वह अब रायपुर में भी सुलभ है। वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉ. सौरभ जैन ने मस्तिष्क की नसों के ब्लॉक होने या फटने (ब्रेन स्ट्रोक) की स्थिति में त्वरित और प्रभावी इलाज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्टेंट रिट्रीवर तकनीक की चर्चा करते हुए बताया कि इसकी मदद से मस्तिष्क की नसों में फंसे रक्त के थक्कों को आसानी से निकाला जा सकता है। आईएमए धमतरी के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप साहू ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक आयोजन स्थानीय चिकित्सकों को अद्यतन चिकित्सा ज्ञान से सुसज्जित कर रोगियों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सचिव डॉ. स्मित कुमार ने भविष्य में ऐसे ही ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों की निरंतरता का आश्वासन दिया।

मौके पर डॉ. सुनील जैन, डॉ. जगविंदर सिंह खालसा, डॉ. अरुण तोंडर, डॉ. दिलीप राठौर, डॉ. मीना जैन, डॉ. मुरारी वाशानी, डॉ. अनुराग मसीह, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. मुकेश लुंकड़, डॉ. प्रहर्ष क्लाडियस, डॉ. संगम लुंकड़, डॉ. मधु लुंकड़, डॉ. प्रीति साहू, डॉ. अपूर्व पवार, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. रविकिरण शिंदे, डॉ. सुधीर चैटर्जी, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, डॉ. आशीष राकी सहित जिले के अन्य चिकित्सकों ने भागीदारी की।

## खबर संक्षेप



### जिले से मानसून की हुई विदाई

**धमतरी।** दक्षिण पश्चिम मानसून की रवानगी धमतरी जिले से हो गई है। अगले दो दिनों में पूरे छत्तीसगढ़ से मानसून की वापसी हो जाएगी। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसून की वापसी रेखा कारवार, कलबुर्गी, निजामाबाद, कांकेर, चांदबाकी से होकर गुजर रही है। अगले दो दिनों के दौरान प्रदेश के शेष हिस्सों से मानसून वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। उत्तर एवं मध्य छत्तीसगढ़ में मौसम शुष्क रह सकता है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 28 तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत सुभाषनगर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 में सहायिका की भर्ती की जानी है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी द्वारा इसके लिए 18 से 44 वर्ष तक की आयु की, शैक्षणिक योग्यताकम से कम आठवीं पास और उसी वार्ड की निवासी से 28 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र कलेक्टोरेट कार्यालय के पीछे स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी कार्यालय में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# स्वनिधि योजना से शहर के छोटे विक्रेता बनेंगे आत्मनिर्भर

आयुक्त ने स्वनिधि योजना एवं बैंक अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक में बैंकों के अग्रणी अधिकारियों, सामुदायिक संगठनों एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।आयुक्त ने कहा कि स्वनिधि योजना शहर के छोटे विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है। इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर धमतरी को बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में बैंकों के अधिकारियों को लाभार्थियों को ऋण वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र स्वीकृति एवं राशि वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि वे अपने व्यवसाय को सशक्त बना सकें।

आयुक्त ने सामुदायिक संगठनों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में जाकर नवीन आवेदन भरवाएं और बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए हितग्राहियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं संगठन आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि शहर के सभी पात्र रेहड़ी-पटरी व्यापारी इस योजना से जुड़ सकें।

बैठक में अग्रणी बैंक अधिकारी, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, एनयूएलएम सेल के अधिकारी तथा सामुदायिक संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

## कॉम्पटेक कॉलेज में हुई विविध स्पर्धा




**धमतरी।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कॉम्पटेक कॉलेज में परिचर्चा, नारा लेखन, निबंध, रैली का आयोजन किया गया।

# आरएसएस आज विश्व के लगभग 80 देशों में काम कर रहा : कामता प्रसाद



- मकेश्वर बस्ती में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर मकेश्वर बस्ती में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन हुआ। स्वयंसेवकगण पटेल समाज सभाभवन आमापारा में एकत्र होकर महंत घासीदास वार्ड, बनियातालाब, मकेश्वर वार्ड, सिहावा चौक, मकई चौक, बालक चौक से होते हुए पुनः सभाभवन पहुंचे, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक प्रमुख कामता प्रसाद साहू, नगर सह संघचालक महेश शर्मा थे। अध्यक्षता व्याख्याता मुकेश पटेल ने की।

मुख्य वक्ता श्री साहू ने बताया कि सन 1925 में नागपुर में डॉ. हेडगेवार जी के प्रयास से स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज विश्व के लगभग 80 देशों में 50 से अधिक संगठनों के माध्यम से कार्य कर रहा है। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष में चल रहे पांच प्रमुख परिवर्तन बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला। मुकेश पटेल ने कहा कि संघ समाज में राष्ट्रभाव जागृत कर एकता की प्रेरणा देता है। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनना गर्व का विषय है।

इस अवसर पर प्रांत सहसेवा प्रमुख मोहनलाल साहू, जिला सहव्यवस्था प्रमुख योगेन्द्र यादव, नगर सहकार्यवाह रविप्रकाशचंद शर्मा, नगर व्यवस्था प्रमुख योगेश साहू, नगर सहसंपर्क प्रमुख राजू सोनकर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। पथ संचलन की तैयारी में बस्ती प्रमुख प्रहलाद पटेल, राजकुमार पटेल, गजानंद मीनपाल, दिलीप पटेल, डॉ. धर्मेंद्र सिन्हा, मानव यादव, विजय शर्मा कई दिनों से सक्रिय रहे। कार्यक्रम में 80 से अधिक स्वयंसेवक थे। बाल स्वयंसेवकों ने भी सहभागिता दी।

मौके पर बिशेसर पटेल, निर्मल बरडिया, प्रकाशचंद शर्मा, नील पटेल, विजय ठाकुर, विजय मोटवानी, दिलीप पटेल, दयाराम लहरे, नंदू लोधी, सूरज शर्मा, दौलत वाधवानी, लक्की पटेल, दीपक सिंदूर, शैलेश नेताम, वेदप्रकाश पटेल, अर्जुन सिन्हा, करण ढीमर, पिंटू पटेल उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिस्ट ने दी है।

### संघ शाश्वत है और सत्य के मार्ग पर चलता है : मोहनलाल





- धमतरी खंड के सोरम मंडल का विजयादशमी उत्सव मनाया गया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धमतरी खंड के सोरम मंडल का विजयादशमी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। सोरम, बेलतरा, सोरिद खुर्द, भटगांव, कसावही, तुमराबहार और रुद्री के स्वयंसेवक गणवेश में एकत्र होकर रामायण चौक से संचलन करते हुए गांव की प्रमुख गलियों से निकले। मुख्य अतिथि सरपंच फागुराम भटगांव और श्याम सुंदर सोरम थे। अध्यक्षता भगवताचार्य पांडे ने की। श्री पांडे ने संघ के शून्य से शताब्दी वर्ष तक के प्रेरक कार्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता छग प्रांत के सह सेवा प्रमुख मोहनलाल साहू ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाश्वत संस्था है, जो सत्य के मार्ग पर चलकर विश्व कल्याण का संकल्प रखता है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक अपनी जय नहीं, भारत माता की जय करता है। उन्होंने संघ द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यबोध और स्वदेशी संकल्पना को समाज में आत्मसात करने का आह्वान किया। साथ ही समाज में फैल रही विध्वंसक विचारधाराओं से सावधान रहने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह अजय साहू, सहखंड कार्यवाह मनोहर सिन्हा, मंडल कार्यवाह हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ग्रामीण खेल हमारी संस्कृति की पहचान है : ओंकार

**धमतरी।** ग्राम उड़ेना में तिरंगा कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित राज्यस्तरीय ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण खेल हमारी परंपरा, संस्कृति और एकता की पहचान है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल न केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करते हैं बल्कि सामूहिकता, अनुशासन और साहस की भावना को भी मजबूत करते हैं। ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहित करने से गांवों में खेल संस्कृति सशक्त होगी और युवाओं को नशा व अन्य बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा मिलेगी। मौके पर तेजपाल निर्मलकर, होम चंद्राकर, शालिकराम दीवान, गणेश डहरे, रूपराम साहू, पारसमणि साहू, खिलावन चन्द्राकर, रोहित साहू, किसन डहरे, टहलूराम साहू , शिव चंद्राकर, मायाराम साहू, लोकेश साहू, भोजलाल साहू समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

ज्योतिषाचार्यों , विद्वानों ने 21 अक्टूबर को ही बताया शास्त्रसम्मत

# दीपावली की तिथि को लेकर लोगों में असमंजस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



दीपावली को लेकर इस बार शहर सहित पूरे जिले में तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। पंचांग और कैलेंडरों में दीपावली की तिथि 20 अक्टूबर सोमवार बताई गई है, जबकि स्थानीय ज्योतिषाचार्यों और विद्वानों की माने तो 21 अक्टूबर मंगलवार को लक्ष्मी पूजन करना ही शास्त्रसम्मत है। इससे आमजनों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है कि दीपों का यह पर्व किस दिन मनाया जाए।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार दीपावली पर्व अमावस्या तिथि की संध्या में प्रदोष काल और स्थिर वृषभ लग्न में मनाना चाहिए, जो इस वर्ष 21 अक्टूबर को ही बन रहा है। 20 अक्टूबर को दिन में अमावस्या नहीं रहेगी, जिससे उस दिन पूजन करना शास्त्रों के अनुसार उचित नहीं माना जा रहा है।

विप्र विद्वत परिषद व स्थानीय पंडितों, विद्वानों का कहना है कि 21 अक्टूबर को संध्या के समय ही लक्ष्मी पूजन करना धार्मिक दृष्टि से सही होगा। उनका कहना है कि पर्वों को लेकर केवल पंचांग नहीं, बल्कि काल, तिथि और मुहूर्त का भी ध्यान रखना जरूरी होता है।

इस विषय पर धमतरी के प्रमुख ज्योतिषाचार्य पं. अशोक शर्मा ने बताया कि अमावस्या का प्रभाव लक्ष्मी पूजन के समय 21 तारीख की शाम को रहेगा और वृषभ लग्न भी उसी समय रहेगा, जो स्थिर लग्न माना गया है। इसलिए दीपावली का पूजन 21 अक्टूबर को करना अधिक उचित होगा। हालांकि कई लोग कैलेंडर की तिथि के अनुसार 20 अक्टूबर को दिवाली मनाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में विद्वानों ने लोगों से अपील की है कि स्थानीय परंपरा और शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार ही दीपावली मनाएं, ताकि धार्मिक विधि-विधान पूर्ण रूप से संपन्न हो सके।










